हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 9 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 समाधान शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण प्राप्त आवेदनों के निराकरण की ली जानकारी



## खबर संक्षेप

### गर्मी बढ़ने के साथ ही लोग कर रहे शीतल पेय पदार्थों का सेवन

**जांजगीर-चांपा।** गर्मी बढ़ने के साथ ही तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम साफ होने के साथ दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। इधर गर्मी बढ़ने के साथ ठंडा पेय पदार्थ की मांग बढ़ गई है। लोग गर्मी से बचने के लिए लस्सी, जूस, गन्ना रस एवं फलों का सेवन कर रहे है। वहीं धूप से बचाव के लिए लोग निकलते समय चश्मा एवं स्कार्फ का उपयोग कर रहे है।

### रेल्वे के गुड्स रेक साइडिंग मे अव्यवस्था, दुर्घटना की बढ़ी आशंका

**अकलतरा।** नगर के रेलवे स्टेशन स्थित गुड्स रेक साइडिंग में अनेक अव्यवस्थाएं है। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही यहां कभी भी कभी दुर्घटना घटित होने की आशंका है। गुड्स रेक साइडिंग में प्रतिदिन 100-150 ट्रकों से सामान का लोड अनलोड कार्य किया जाता है। लोडिंग अनलोडिंग के दौरान ओवरलोडेड गाड़ियां बेतरतीब ढंग से इस मार्ग पर खड़ी रहती हैं। जिसके चलते घंटों तक इस मार्ग में आवागमन अवरुद्ध रहता है। रेलवे गुड्स रेक साइडिंग के बाजू स्थित सड़क नगर के वार्ड क्रमांक 1 ,2 ,3 एवं 4 सहित क्षेत्र के 20-25 गांव जाने के लिए एकमात्र विकल्प है। जिसके चलते यहां पर यातायात का दबाव बना रहता है।

### ग्राम नेगुरडीह में आंबा कार्यकर्ता की भर्ती, आवेदन 21 मई तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा में जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नेगुरडीह के ऑगनबाड़ी केन्द्र नेगुरडीह 1 में ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता 1 पद के लिए 21 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ ने बताया कि इच्छूक अभ्याथियों से आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस एवं समय पर 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है।

### संस्था में 10 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी होने पर आंतरिक परिवाद समिति गठन अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन हेतु ऐसे सभी विभाग, संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय, शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, सरकारी कम्पनी, निगम, सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित्त पोषित हो। निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, उद्यम संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाईटी, न्यास, गैर-शासकीय संगठन, इकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्य, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं, आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान आदि निजी क्षेत्र जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए दावा-आपत्ति 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्राक्कचयन का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में 15 मई तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा-आपत्ति सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्ट्रेट परिसर विवेकानंद मार्ग जांजगीर में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेजों सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्ति के परीक्षण पश्चात विशेषज्ञां द्वारा निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सीएम की सख्ती के बाद हरकत में प्रशासन, स्वीकृत व अधूरी सड़कों को पूर्ण कराने के निर्देश

### सुशासन तिहार में पहुंचे मुख्यमंत्री ने जताई थी भारी नाराजगी, अब होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सुशासन तिहार में जिले के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भरी समीक्षा बैठक में जिले के अफसरों की क्लास ली थी। दरअसल जांजगीर चांपा जिले में प्रस्तावित एवं स्वीकृत सड़क निर्माण के कार्यो की समीक्षा हुई तो विभाग व प्रशासन की लापरवाही सबके सामने उजागर हुई। यही नहीं जिले की सड़कों की बदतर स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की थी। उनके इस तेवर के बाद जिले का प्रशासनिक अमला अचानक हरकत में नजर आने लगा है। मुख्यमंत्री की बैठक के बाद तीसरे ही दिन जिला प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग, आरईएस और सेतु निगम के कार्यो की गहन समीक्षा की और समय रहते तत्काल पहल करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि सोमवार 5 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले के दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने जिला पंचायत के सभाकक्ष में जांजगीर चांपा जिले के साथ सक्ती और कोरबा जिले की बैठक ली। तकरीबन तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में मुख्यमंत्री ने जांजगीर चांपा जिले में सड़कों की स्थिति



को लेकर भारी नाराजगी जाहिर की थी। बताया जाता है कि उन्होंने विभागीय अफसरों के साथ प्रशासन को भी इस दिशा में गंभीरता से पहल करने के सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद गुरूवार 8 मई को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आरईएस, सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में जारी एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों से प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और निर्देशित किया कि प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों के स्वीकृति प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर फाइल प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री महोबे ने जिला मुख्यालय से विकासखंड मुख्यालयों तथा प्रमुख संपर्क मार्गों पर स्थित क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त सड़कों की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चेतावनी संकेतक, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था तथा रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गों के आसपास अतिक्रमण हटाने हेतु कार्रवाई करने को भी कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्थानीय प्रशासन के साथ रेलवे के अफसरों ने विधायक व आंदोलनकारियों से की बैठक

# नैला फाटक में आरओबी निर्माण की मांग, आश्वासन पर आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

क्षेत्रवासियों के लिए समस्याओं का पर्याय बन चुके नैला रेलवे फाटक में ओव्हरब्रिज तथा नहरिया बाबा में फुट आरओबी निर्माण व एक्सप्रेस ट्रेनों की ठहराव को लेकर जांजगीर चांपा विधायक के नेतृत्व में आंदोलन शुरू होते ही प्रशासन के साथ रेलवे का अमला हरकत में आया। पहले दिन के आंदोलन में ही रेलवे के साथ स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने विधायक व आंदोलनरत जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान तीनों मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने पर आंदोलन स्थगित हुआ।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में बुधवार 7 मई को धरना प्रदर्शन की शुरूआत की गई थी। इस दोरान दौरान नैला रेलवे फाटक में ओव्हरब्रिज निर्माण प्रारंभ करने, नहरिया बाबा मंदिर में फुट ओव्हरब्रिज निर्माण और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित तीन प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कियाा गया। आंदोलन शुरू होते ही रेलवे के साथ प्रशासनिक अमला हरकत में आया। इस दौरान रेल मंडल बिलासपुर के अधिकारी जांजगीर पहुंचे। जहां अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम के अफसरों की संयुक्त टीम आंदोलन का नेतृत्व कर रहे विधायक ब्यास कश्यप के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विश्राम गृह में बैठक की। इस बैठक में विधायक ब्यास कश्यप और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रेलवे ओव्हरब्रिज निर्माण शुरू होने की तारीख का ऐलान करते हुए लिखित आश्वासन देने की मांग रखी। जिस पर अफसर भी सकते में आ गए। बाद में उन्होंने उच्चाधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद लिखित आश्वासन दिया गया। इसके उपरांत आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की गई।



रेलवे अफसरों के साथ चर्चा करते विधायक सहित अन्य।

### क्या मिला लिखित आश्वासन में

अफसरों द्वारा दिए गए हस्ताक्षरयुक्त पत्र में सेतु निगम, रेलवे की ओर से सक्षम अधिकारी और जिला प्रशासन की ओर से जांजगीर एसडीएम और जांजगीर तहसीलदार के द्वारा दिए गए संयुक्त आश्वासन में लिखा है कि वर्तमान में सेतु निगम पीडब्यूडी की ओर से आरओबी के लिए भू गर्भीय संयुक्त सर्वे का काम किया जा रहा है, जिसे 30 जून तक पूरा किया जाएगा। फिर सामान्य संरचना मानचित्र का कार्य पूर्ण करके रेलवे को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। इसके पश्चात रेलवे के द्वारा 15 अगस्त 2025 तक अनुमोदन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, फिर 15 दिनों में प्राक्कलन तैयार करने प्रश्चात प्रशासकीय स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजा जाएगा। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के पश्चात तत्काल प्रभाव से आरओबी का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसी प्रकार नैला रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के स्टापेज के लिए प्रस्ताव भेजने और फुट ओव्हरब्रिज के लिए प्रस्ताव प्रेषित करने की बात कही गई है।

# पीईटी और पीपीएचटी की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी

### दो शिफ्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पीईटी और पीपीएचटी की परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थी बड़ी संख्या में केंद्र पहुंचे कंपटीशन एग्जाम पास होने के बाद ही इसमें चयन की प्रक्रिया पूरी हो पाती है। इधर एग्जाम को लेकर केंद्र में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी।

गौरतलब है कि गुरुवार 8 मई को जिला मुख्यालय जांजगीर सहित सक्ती जिले में प्री इंजीनियरिंग टेस्ट और प्री फार्मेसी की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए एडमिशन के पूर्व काम्पीटिशन एग्जाम आयोजित किया गया। परीक्षा देने के बाद जिन अभ्यर्थियों का चयन हो पता है उन्हें ही इंजीनियर एवं फार्मेसी की पढ़ाई करने का अवसर मिल पाता है। इंजीनियर बनने के बाद जहां सरकारी एवं निजी संस्थानों में नौकरी की संभावना बनी रहती है इसी प्रकार फार्मेसी की पढ़ाई लिखाई करने वाले छात्र छात्राएं मेडिकल के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं कई छात्र फार्मेसी की पढ़ाई कर दवा बनाने से संबंधित विभिन्न कंपनियों में उन्हें कार्य मिल जाता है। वही कार्य नहीं मिल पाने की स्थिति में फार्मेसी की पढ़ाई करने वाले कई छात्र अपने स्वयं के रोजगार को ध्यान में रखकर मेडिकल संस्थानों का संचालन भी करते हैं। इधर गुरुवार को जिला मुख्यालय जांजगीर के बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान सहित अन्य विभिन्न स्थान पर परीक्षा आयोजित की गई परीक्षा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए इधर परीक्षा को लेकर केंद्र में सुरक्षा बलों की तैनाती भी की गई साथ ही साथ छात्र-छात्राओं की आधार कार्ड मोबाइल नंबर सहित अन्य तरह के दस्तावेजों की जांच पड़ताल करने की बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति मिल पाई। इसी प्रकार सक्ती जिले में भी इंजीनियर और फार्मेसी की पढ़ाई पूर्व एग्जाम को लेकर पुलिस वालों की तैनाती की गई थी शक्ति शहर में परीक्षा को लेकर कर केंद्र बनाए गए थे इनमें स्वामी आत्मानंद कन्या विद्यालय शक्ति स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल शक्ति शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल शक्ति सहित अन्य स्थानों में परीक्षा को लेकर केंद्र बनाए गए थे परीक्षा का आयोजन सुबह 9 से दोपहर 12 बजकर 15 मिनट के बीच प्री इंजीनियर की पढ़ाई को लेकर कंपटीशन एग्जाम आयोजित किया गया। इसी प्रकार दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम-5 बजकर 15 मिनट तक फार्मेसी की पढ़ाई लिखाई करने को लेकर कंपटीशन एग्जाम आयोजित किया गया। कंपटीशन एग्जाम देने के बाद ही इंजीनियर एवं फार्मेसी की पढ़ाई के लिए चयन हो पाता है। इसमें अभ्यर्थियों को कड़ी परीक्षा से होकर गुजरना पड़ता है, तब कही जाकर वे सफल हो पाते है।



# मानदेय नहीं मिलने से परेशान आंबा कार्यकर्ता ने आत्मदाह की दी चेतावनी

**जांजगीर-चांपा।** मानदेय नहीं मिलने एवं प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने आत्मदाह की चेतावनी दी है।

पामगढ़ क्षेत्र के सेमरिया में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता श्रीमती मीना साहू को वर्ष 2010 से 19 के बीच मानदेय राशि नहीं मिल पाई है। इस समस्या को लेकर कार्यकर्ता ने आत्मदाह की चेतावनी दी है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरती गई है। जिसके चलते वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

# उप पंजीयक को एसडीएम कार्यालय में संचालन की मांग को लेकर अपर कलेक्टर से मिले जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर परिसर के अंदर संचालित उप पंजीयक कार्यालय को नवीन तहसील एवं एसडीएम कार्यालय में संचालन की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अपर कलेक्टर से मुलाकात की है। इस बीच उन्हें ज्ञापन सौंपकर उप पंजीयक कार्यालय के स्थानांतरण की मांग की है।



अपर कलेक्टर को मांगों का ज्ञापन देने पहुंचे जनप्रतिनिधि।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के कलेक्टर परिसर के बगल में स्थायी रूप से उप पंजीयक कार्यालय का संचालन दो सालों से हो रहा है। चूंकि अब कचहरी चौक के पास नवीन तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का भवन लोकार्पण हो चुका हे। ऐसे में अब पालिका के उपाध्यक्ष सहित अन्य पार्षदों ने गुरूवार 8 मई को अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर से मुलाकात की। इस बीच उन्हें ज्ञापन सौंपकर उप पंजीयक कार्यालय को पूर्व में कचहरी चौक के पास संचालित तहसील एवं एसडीएम भवन परिसर में संचालन की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, प्रिंस शर्मा, हितेश यादव, विक्की सिंह, राजा खान, अमित यादव, अरमान खान, विष्णु यादव सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे।

### बच्चों को नहीं मिल पा रहा पढ़ाई लिखाई का लाभ

# महज शोपीस साबित हो रहा शबरी डेरा का आंगनबाड़ी केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम तुस्मा के शबरीडेरा का आंगनबाड़ी केन्द्र महज शोपीस साबित हो रहा है। जिसके चलते बच्चों को पढ़ाई लिखाई का काम नहीं मिल रहा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

ज्ञात हो कि नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरी डेरा में निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र इन दिनों सरकारी उपेक्षा का शिकार बन गया है। यह केंद्र केवल कागजों में चालू है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि यहाँ बच्चों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार शबरी डेरा में बना आंगनबाड़ी केंद्र महज एक शोपीस भवन बनकर रह गया है जो वर्तमान समय में पूरी तरह से कंडम हो चुका है। यहाँ न तो बच्चों को समय पर पोषण आहार मिल रहा है और न ही शिक्षा संबंधी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। हालात यह हैं कि शबरी डेरा आंगनबाड़ी केन्द्र में वैसे तो 20 से 25 बच्चों के नाम दर्ज है, लेकिन बच्चों की उपस्थिति नाममात्र की होती है और ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के संबंध में उन्होंने कई बार संबंधित विभाग को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया है।बावजूद इसके आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग की उदासीनता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।शबरी डेरा जैसे दूरस्थ क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्ता और भी अधिक बढ़ जाती है। ये केंद्र बच्चों के पोषण,प्राथमिक शिक्षा और मातृ-शिशु स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन जब ये केंद्र ही निष्क्रिय हो जाएं तो इसका सीधा असर बच्चों के विकास पर पड़ता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कई बार विभागीय अधिकारियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की मांग की है,लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं।इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई,तो वे व्यापक जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उनका कहना है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर मामले को कब संज्ञान में लेता है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल का कहना है कि भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन होने को लेकर पहले जानकारी ली जाएगी, फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



शबरी डेरा आंगनबाड़ी केन्द्र

# हसदेव नदी में मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा के हसदेव नदी में अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस शव की शिनाख्ती के बाद जांच में जुट गई है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले के हसदेव नदी में गुरूवार 8 मई को एक अज्ञात युवक का पानी में तैरता हुआ शव मिला है। जिसकी पहचान के लिए पुलिस जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। यह घटना हत्या या फिर आत्महत्या है चांपा पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। लछनपुर रेत घाट के पास हसदेव नदी में अज्ञात युवक की शव होने की जानकारी मिलने पर मौके पर से पुलिस टीम पहुंची। शव को हसदेव नदी से बाहर निकाला गया। जिसमें मृतक युवक ने काले रंग की शर्ट पेंट और हाथों में 2 चूड़ा पहना हुआ है। मृतक के पेंट से एक सुलेशन भी मिला है। यह हत्या है या फिर आत्महत्या इस पर पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के मर्चुरी में रखा गया है। मृतक युवक की पहचान के लिए फोटो सभी थाना क्षेत्र को भेज दिया गया है, यदि पहचान होती है तो शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पहचान नहीं हो पर मृतक युवक की अंतिम संस्कार पुलिस करेगी।

**खास बात**

- चांपा थाना क्षेत्र का मामला

**खबर संक्षेप**

## बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**खरौद।** शबरी देवी शिक्षण समिति खरौद द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर खरौद के छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2025 मे प्रथम स्थान अभय आदित्य 95.66, द्वितीय अदिति केशरवानी 94.33, तृतीय प्राची यादव 93.16 इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी परीक्षा मे 2025 मे प्रथम पुणेन्द्र साहू 91, द्वितीय संजना बंजारे 83.2, तृतीय दीपशिखा यादव 78.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय का ही नहीं नगर का नाम रौशन किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी, उपाध्यक्ष महेश कुमार सोनी, सचिव प्रमोद कुमार सोनी, सह सचिव शिवरात्रि प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सोनी, सदस्य धनसाय यादव, भोजराम सोनी, जनक राम भारद्वाज, डायमंड पाण्डेय, द्रोपदीरानी सोनी, प्राचार्य रामकुमार साहू, प्रधानाचार्य सदानंद यादव एवं समस्त आचार्यो ने मेघावी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है।

## बारहवीं बोर्ड परीक्षा में लक्की का विद्यालय में तृतीय स्थान

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा से 12वीं के छात्र



लक्की कुर्रे ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया तथा कला संकाय से कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र लक्की कुर्रे ग्राम सोनादह निवासी श्रीमती सोनकुंवर कुर्रे - सोनाऊ राम कुर्रे का सुपुत्र है। इस शानदार सफलता पर शिक्षकों और परिजनों ने खुशी जताई है। लक्की ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

## बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**बिर्रा।** आर्य बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा का कक्षा दशम एवं द्वादश परीक्षा परिणाम संतोषप्रद रहा। कक्षा दशम में राहूल कश्यप 93.16 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सौम्य देवांगन 92.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जोया मेमन 92 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। तरुण कश्यप 90.16 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार विद्यालय में कक्षा दशम का परीक्षाफल प्रतिशत 96.33 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा द्वादश में सुमित बंजारे 82.8 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगेश कश्यप 81.6 प्रतिशत के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निकिता साहू 81 प्रतिशत के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सविता कश्यप 78.8 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य ध्रुव कुमार कहार तथा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कलेक्टर ने 10वीं और 12वीं के टॉप-10 में शामिल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# आगे बढ़ने लक्ष्य बनाकर करें मेहनत: तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने गुरुवार को कलेक्टोरेट परिसर में कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रदेश स्तर पर टॉप-10 सूची में शामिल छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, पुस्तक देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने सभी बच्चों को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी टॉप-10 की सूची में स्थान बनाने तथा जिले के नाम रोशन करने पर मिठाई खिलाते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी ।

इस अवसर पर छात्र प्रवीन प्रजापति ने बताया की वह आगे चलकर आईआईटी-जेईई की परीक्षा पास कर इंजीनीयर बनना चाहते है। इसी प्रकार छात्रा सुश्री सौम्या अग्रवाल ने कहा की वे आगे चलकर प्रोफेसर ऑफ इकोनॉमिक्स बनना चाहती है। सभी बच्चे आगे चलकर कोई कलेक्टर, इंजीनियर या डाक्टर, प्रोफेसर बनना चाहते है। साथ ही सभी बच्चो ने अपनी सफलता पर अपने पैरेंट्स, शिक्षक सहित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सभी संबंधित को धन्यवाद दिया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने सभी बच्चो को बधाई देते हुए उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी बधाई दी। कलेक्टर ने कहा की बच्चो की सफलता के पीछे उनके अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कलेक्टर ने कहा की हमे एक लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उल्लेखनीय है की छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा विगत दिवस कक्षा 10 वीं और 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है 1 जिसमे अनुनय कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक विद्यालय से सुश्री सौम्या अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल कक्षा 12 वीं में 96.20 के साथ प्रदेश में आठवां स्थान और सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर के प्रवीन प्रजापति पिता उमेश प्रजापति ने कक्षा 10 वीं में 98.67% के साथ प्रदेश में चौथा स्थान, कामधेनु पब्लिक स्कूल तुलसीडीह किरारी ( डभरा ) के सुश्री कलिंदी पटेल पिता जगनारायण पटेल ने कक्षा 10वीं में 98.50% के साथ प्रदेश में पांचवां स्थान, जी.एस.सी. मॉडल कॉन्वेंट स्कूल जैजैपुर के सुश्री मेघा चंद्रा पिता श्री ऋषभ लाल चंद्रा ने 10वीं में 98.50% के साथ प्रदेश में पांचवां स्थान, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर के सुश्री कोमल यादव पिता श्री सुंदरलाल यादव ने 10वीं में 98.33% के साथ प्रदेश में छठवां स्थान, ज्ञान शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बाराद्वार के सुश्री पायल पिता जय सिंह ने 10वीं में 98.33% के साथ प्रदेश में छठवां स्थान, कामधेनु पब्लिक स्कूल तुलसीडीह किरारी ( डभरा ) के सुश्री अंशु पटेल पिता दिलेश्वर पटेल ने 10वीं में 98.00% के साथ प्रदेश में आठवां स्थान और सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर के श्री शुभम देवांगन पिता चुन्नीलाल देवांगन ने 10वीं में 97.67% के साथ प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी विश्वास कुमार, विद्यार्थियों के पालक और शिक्षक उपस्थित थे।



विद्यार्थियों को सम्मानित करते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।


पूर्व नेता प्रतिपक्ष के साथ उपस्थित फेडरेशन व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

## डॉक्टरों के स्थानांतरण निरस्त करने पूर्व नेता प्रतिपक्ष से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल से सौजन्य मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुनाते हुए डॉक्टरो के स्थानांतरण को निरस्त करवाने गुहार लगाई है।

विदित हो कि विगत कुछ महीनो से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सिविल सर्जन के खिलाफ अपमानजनक व्यवहार को लेकर चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन जब कार्यवाही किया गया तो जिला चिकित्सालय के तीन डॉक्टरों का स्थानांतरण दूरस्थ क्षेत्रो में कर दिया गया जिससे जिला अस्पताल के समस्त कर्मचारी अधिकारी भयभीत थे। उक्त संबंध में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल से फेडरेशन वा स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारियों ने सौजन्य मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुनाया वह डॉक्टरो के स्थानांतरण को निरस्त करवाने का आग्रह जिला चिकित्सालय के नर्सों व अन्य कर्मचारियों अधिकारियों के द्वारा किया गया जिसमें नारायण चंदेल ने बहुत ही सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा की आप भय मुक्त वातावरण में अच्छे से कम करिए लोगों की चिकित्सकीय सेवा करिए और सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। उक्त चर्चा में विश्वनाथ परिहार जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, अर्जुन छत्रीय महामंत्री छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन,डॉ व्ही के पैगवार सहसंयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, विकास सिंह जिलाध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ, राधेश्याम कुमार जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ, भुवनेश्वर देवांगन जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ सहित फ़ेडरेशन के पदाधिकारिगण व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## 12 वीं में 31 व 10 वीं में 40 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित 10 वी एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12 वीं के होनहार विद्यार्थी योगेंद्र यादव 92.8% ने जिला टॉप टेन मे 5 वा स्थान प्राप्त कर तथा पुरे पामगढ ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। यह छात्र 10 वी में भी जिला टॉप टेन 94.5% में 7 वे स्थान पर था।

साथ ही दीपक साहू 87% ,आदित्य पटेल 85% , दिव्या पाटले 82%, जतिन टंडन 81.6%,हेमंत साहू 80%, शैला, अवनी यादव ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं में प्रथम स्थान श्रेया पीटर ने 93.6% अंक प्राप्त किया। साथ ही संस्कृति तिवारी ने 93% ,श्वेता यादव 92% ,अवनी साहू 90.83% , प्रिया कौशिक 87.66% , कु .रश्मि 86.33%, यशी भार्गव 85.66% ,प्रणय शर्मा 83.16% अंश भार्गव 82.33% , प्राची टांडे 82.33%, यशिका कश्यप 80.33%, श्रुति पटेल 80.66%, सरद कुमार 80%, भूमिका शर्मा 79.16 , नमन जायसवाल 75.66% ने प्राप्त किया। 12 वीं में कुल 31 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया 10 वीं में कुल 40 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षा परिणाम से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय संचालक एन के पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा से हमारे विद्यालय के बच्चे नए कीर्तिमान स्थापित कर हमारे विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। शिक्षा की उन्नति के लिए खोला गया ये संस्थान प्रतिभावों को हमेशा से गढ़ता रहा है। इसकी पहचान प्रतिवर्ष आने वाले बोर्ड परीक्षा के बेहतरीन रिजल्ट से पता चलता है। हम सभी विद्यार्थीयो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। साथ ही हिन्दी माध्यम प्राचार्य ए के मीरे व अंग्रेजी माध्यम प्राचार्य दीपक कुमार प्रधान विभाग प्रमुख अखिल शुक्ला तथा उप प्राचार्य अर्जुन लाल यादव एवं तुलसी यादव तथा समस्त शिक्षकों द्वारा बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।



## बोर्ड परीक्षा में आत्मानंद के विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**डभरा।** छत्तीसगढ़ राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा सत्र 2024 -2025 का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम 7 मई को घोषित कर दिया गया है। जिसमें पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय डभरा के विद्यार्थियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कक्षा 12वीं वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) में कु दिव्या पटेल ने प्रथम , अल्तमस खान द्वितीय एवं चंद्रपाल मनहर तृतीय स्थान हासिल किए। कक्षा 12वीं विज्ञान (बायो) (अंग्रेजी माध्यम) में दीप्ति साहू प्रथम ,चेतना यादव द्वितीय एवं यामिनी चंद्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा 12वीं विज्ञान(गणित) (अंग्रेजी माध्यम) में कुसुम सिदार प्रथम ,विमल कीर्ति वैष्णव द्वितीय एवं संस्कृति दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किए 1कक्षा दसवीं (अंग्रेजी माध्यम) में पल्लवी बंजारे ने 96.66%, अंश शर्मा ने 96.00 %, अभ्युदय कुर्रे ने 94.33% ,गरिमा चंद्रा 93,83% अध्याशवी बंजारे 93.66% अंजलि खंडेलवाल 93% ,सुषमा चंद्रा 91.83%,प्रीति चौहान 91.66%,प्रिया मैत्री 91.66%,अनुभव मिश्रा 91.66% ,दिगम्बर जगत 90.66%,शुभम बंजारे 90.30% अंक अर्जित किया। कक्षा 12वीं कला (हिंदी माध्यम) में ईशा नामदेव ने प्रथम ,पूजा मैत्री द्वितीय एवं रेखा ने तृतीय स्थान हासिल किए। कक्षा 12वीं विज्ञान(बायो)(हिंदी माध्यम) में यामिनी दुबे ने प्रथम ,देवसागर ने द्वितीय एवं प्रिया ने तृतीय स्थान अर्जित किये 1कक्षा 10 वीं (हिंदी माध्यम) में अर्जुन माली ने प्रथम प्रिया बरेठ ने द्वितीय एवं नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं जिससे परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य हेमचरण पटेल सहित समस्त शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्य पर डटे रहने के लिए प्रेरित किया है।





## ज्ञानभारती स्कूल का 10वीं 12वीं का परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



ज्ञानभारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर बोर्ड परीक्षाओ का परिणाम उत्कृष्ट रहा। 10वी हिन्दी माध्यम से अंकिता नामदेव 89.16 प्रतिशत, मनोज मीरी 88.33 प्रतिशत, ओम साव 87 प्रतिशत, हिमांशी कश्यप 86 प्रतिशत, शुभम खूंटे 85.3प्रतिशत, दिव्या साहू 83 प्रतिशत, अंजली थवाईत 82.3 प्रतिशत,विद्या 81.5 प्रतिशत, प्रभा खूंटे 80.16 प्रतिशत,माही कुर्रे 78.16 प्रतिशत, ध्रुव पटेल 77.6प्रतिशत, देवेश 77.6 प्रतिशत, कविता 72.5 प्रतिशत,आराधना 70.8 प्रतिशत, अंजली भवानी 67.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं हिंदी माध्यम से प्राची लाठियां 74 प्रतिशत, साहिल कुमार 70.2 प्रतिशत, श्वेता रानी कश्यप 70 प्रतिशत, सुषमा पटेल 69.2 प्रतिशत, सत्य प्रकाश पटेल 69.2 प्रतिशत, आशीष राठौर 68.8 प्रतिशत, दिव्यानी कपूर 68.6 प्रतिशत, तानिया कंवर 68.6 प्रतिशत, भगवती कश्यप 65 प्रतिशत, कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम से लता कौशिक 92. 16 प्रतिशत, श्रुति जांगड़े 90.66 प्रतिशत, ज्योति रत्नाकर 87.16% प्रतिशत, साक्षी साव 86.16 प्रतिशत, चंद्रमणि टंडन 69.8 प्रतिशत, श्रेया सिंह 68.3 प्रतिशत, आफरीन खान 67 प्रतिशत, प्रिया 66.5 प्रतिशत, खुशी टंडन 65.6 प्रतिशत, कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम से यशवर्धन आहूजा 71.6 प्रतिशत, उत्कर्ष पाण्डेय 67.2 प्रतिशत प्राप्त किया। संस्था के संचालक डॉ आर सी पाण्डेय हिन्दी, माध्यम प्राचार्य सीमा कश्यप, अंग्रेजी माध्यम प्राचार्य गणेशराम जांगड़े, प्रबंधक देवेंद्र राठौर, सहायक प्रबंधक गीतेश राठौर तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल का 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा सर्वश्रेष्ठ



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित किये गये। इसमें आईबी रोड स्थित पुरानी सिंचाई कालोनी के पास संचालित डिवाईन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा दसवीं में प्रसन्ना ने 90. 3 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार देवराज राठौर 87.8 प्रतिशत अंक, आश्रय दुबे 87.3 प्रतिशत अंक, जान्हवी साहू 71.5 प्रतिशत अंक, ध्रुव यादव 66 प्रतिशत अंक, श्रुति कश्यप ने 59.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के डायरेक्टर एच.एच.मागरी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा से डिवाइजन स्कूल के बच्चे नए कीर्तिमान स्थापित कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं जिससे परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्रीमती नीतू सिंह राठौर, शिक्षिका श्रीमती पी. मागरी, शिक्षक रमेश चौहान, नूरी खान, दिव्या राठौर, अख्तर शेख, श्रीमती उपसना धीवर, श्रीमती सरोजलता राठौर, श्रीमती प्रभा नामदेव, श्रीमती गायत्री साहू, श्रीमती शोभा रानी एवं हुमेश ने सहित समस्त शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्य पर डटे रहने के लिए प्रेरित किया है।

## बीएससी नर्सिंग में खुशबू ने प्राप्त किया 71 प्रतिशत अंक

**बिर्रा।** बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम बसंतपुर की छात्रा कुमारी खुशबू



देवांगन पिता गिरिजाशंकर देवांगन ने शासकीय बी एस सी नर्सिंग कॉलेज कबीरधाम से सत्र 2025 में 5 सेमेस्टर परीक्षा में 71 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की है। उन्होंने उनका श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया।

जॉंजगीर मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शमन यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
डॉ. श्रीमती ममता साहू  डॉ. योगेश साहू (P.T.)
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जॉच एवं परामर्श
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
Dental & Consmetic Treatments

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

।। श्री श्याम देवाय नमः ।।

।। श्री गणेशाय नमः ।।
धन्य धन्य है चांपा नगरी, धन्य धन्य है खाटू धाम।
श्याम धणी की कृपा ताँई, थाने बुलायो बाबा श्याम।।

हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा

।। श्री हनुमन्ते नमः ।।
श्याम की सेवा, श्याम की पूजा, बड़े भाग्य से मिलती है।
लाखों लोग खड़े लाईन में, किसी-किसी को मिलती है।।

# श्री श्याम बाबा मंदिर चांपा चौदहवाँ वार्षिकोत्सव




श्री श्याम मंदिर चांपा

दिनांक
09 मई
2025
शुक्रवार

**कार्यक्रम**
क्षेत्र में प्रथम बार सूरजगढ़ की प्रसिद्ध
**भव्य निशान व सिगड़ी यात्रा**
शाम 5.30 बजे से
पलटन बाबा हनुमान मंदिर, रेल्वे स्टेशन से
श्री खाटू श्याम मंदिर, चाम्पा

स्थानः श्री श्याम मंदिर
मोदी चौक, चांपा



**श्री श्याम संकीर्तन में सूरजगढ़ की जस्सी सैनी एवं चाम्पा के पंकज अग्रवाल श्याम भजनों की प्रस्तुति देंगे।**

समय- रात्रि 8.00 बजे से प्रभु कृपा तक, स्थान - श्री श्याम मंदिर परिसर, चाम्पा

**अन्य आकर्षण**
भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, भजन संध्या, फूलों की होली, अखंड ज्योत,
विशेष- कीर्तन कार्यक्रम में भंडारा प्रसाद की व्यवस्था है...

## सभी श्याम भक्तों का हार्दिक अभिनंदन...



रामनारायण मित्तल (गुटटू भैया) | बजरंग लाल अग्रवाल सदस्य | डॉ. संतोष अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष) | मनोज मित्तल | रामनारायण मोदी संरक्षक | सुनील अग्रवाल (भांचा) संरक्षक | योगेश अग्रवाल (बाबू) अध्यक्ष | नारायण मित्तल उपाध्यक्ष



गणेश कुमार मोदी पूर्व उपाध्यक्ष | मुरलीधर जयपुरिया सदस्य | राजेश अग्रवाल सदस्य | किशोर मोदी कोषाध्यक्ष | दिनेश केड़िया उपाध्यक्ष | जीवन मोदी सदस्य | अनिल अग्रवाल सदस्य | विनोद अग्रवाल (गैस) सदस्य



संजय बंसल सदस्य | अविनाश मुरारका सदस्य | मोहन मित्तल सदस्य | विपेन्द्र अग्रवाल सदस्य | अंकित मोदी सचिव | गजेन्द्र अग्रवाल (गज्जु) सदस्य | अमित अग्रवाल (भांचा) सदस्य | आनंद जयपुरिया सदस्य

**निवेदक : - श्री श्याम बाबा सेवा समिति (पंजी.) चांपा (छ.ग.)**

8 JANJ-MAY PG-04_Layout 1 5/8/2025 9:59 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## 15 मई तक होगा प्रधान मंत्री आवास प्लस 2.0 का सर्वे

**बिर्रा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय सीमा बढ़ाकर 15 मई तक कर दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 संरक्षण की समय सीमा को बढ़ाकर 15 मई तक कर दी गई है। इसके पहले यह सर्वेक्षण 30 अप्रैल तक निर्धारित था। भारतीय जनता पार्टी के लगातार तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार ने यह निर्णय राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर लिया है। ताकि संरक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता और व्यापकता के साथ संपन्न किया जा सके। इस पहल का उद्देश्य हर पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करना है। जिन्हें अब तक पक्के आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य वर्ष 2028 तक सभी के लिए आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना आर्थिक रूप से गरीब व कमजोर ग्रामीण परिवारों को स्थाई और सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण व कारगर कदम है।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल आज दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय बैठक में होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण



चंदेल 8 मई की शाम को दिल्ली रवाना हुये। वे 9 मई को प्रातः 9 बजे से भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में मार्गदर्शन हेतु भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष सहित अनेक राष्ट्रीय पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक के उपरांत श्री चंदेल भाजपा के अनेक केन्द्रीय मंत्रीयों व अनेक राष्ट्रीय नेताओं से भेट करेंगे।

## लायन संतोष डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

**चांपा।** स्थानीय लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य तथा जांजगीर-चांपा जिला उद्योग संघ के महासचिव



लायन संतोष अग्रवाल को मैरिलेण्ड स्टेट यूनिवर्सिटी अमेरिका द्वारा व्यवसाय प्रबंध एवं समाज सेवा विषय के लिए पी.एच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह उपाधि विगत 20 अप्रैल को नई दिल्ली में प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि लायन डॉ. संतोष अग्रवाल अग्रवास सेवा समिति चांपा के संरक्षक, लायंस क्लब चांपा के 43 वर्ष से निरंतर सदस्य रहते हुए नगर एवं जिले के अनेक धार्मिक तथा सामाजिक संस्थाओं से जुडे हुए है। इनको लायंस इंटरनेशनल के इसामी फोरम (एशिया महाद्वीप के अनेक देश) के दुबई में आयोजित सीनियर लीडरशिप सेमीनार में लायंस डिस्ट्रिक्ट की ओर से प्रतिनिधित्व प्रदान करने का अवसर प्राप्त हो चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में विज्ञान महाविद्यालय रायपुर से स्नातक, छ.ग. महाविद्यालय रायपुर से एल.एल.बी. तथा रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से वर्ष 1980 में व्यवसाय प्रबंध की स्नातकोत्तर डिग्री प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल कर प्राप्त कर चुके है। अग्रवाल लायंस क्लब चांपा में कोषाध्यक्ष, सचिव, अध्यक्ष एवं डिस्ट्रिक्ट में डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन, जोन चेयरमेन, रीजन चेयरमेन तथा ऑनरेरी गवर्नर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं प्रदान कर चुके है। इन्हें सामाजिक कार्यों के लिए अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। अग्रवाल के वरिष्ठ पुत्र देवेश अग्रवाल यूरोप में वरिष्ठ साफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत है तथा कनिष्ठ पुत्र विशाल अग्रवाल छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज रायपुर के प्रदेश उपाध्यक्ष है। लायन संतोष अग्रवाल को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किये जाने पर लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर, सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने प्रसंन्नता जाहिर की है।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के स्थानांतरण करने की मांग

**अकलतरा।** विकास खण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास कार्यालय में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास मद से किसानों को कृषि कार्य के लिए कृषि उपकरण वितरण करने मे कल्याणपुर के किसानों के साथ भेदभाव करते हुए उन्हें कृषि उपकरण प्रदान नहीं करने के विरोध में जनपद सदस्य ईश्वर साहू के द्वारा एसडीएम विक्रांत अंचल को ज्ञापन सौंप कर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के स्थानांतरण की मांग की है। ईश्वर साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कुछ किसान नियमानुसार कृषि उपकरण के लिए फार्म जमा किये थे लेकिन उन्हें सामान नहीं मिला। इस पर क्षेत्र के प्रभारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से किसानो की कुछ बातचीत हो गई थी। वरिष्ठ कृषि विस्तार कार्यालय में दूसरी बार सामान आने पर कल्याणपुर के कुछ किसान फिर फार्म जमा किये तब भी उन किसानों को सामान नहीं दिया गया। किसानों के द्वारा यह जानकारी क्षेत्र के जनपद सदस्य ईश्वर साहू को दिए जाने पर ईश्वर साहू ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से बात की। बातचीत के दौरान प्रभारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने प्रशासनिक रौब दिखाते हुए कहा कि कल्याणपुर के जिन किसानों से कहासुनी हुई है उनको उनके रहते कभी भी कृषि विभाग से कोई भी सामान नहीं मिलेगा और जो भी उनका साथ देगा उनको भी सामान नहीं मिलेगा। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के तानाशाही रवैया से आहत जनपद सदस्य ईश्वर साहू के द्वारा एसडीएम विक्रांत अंचल को ज्ञापन सौंप कर श्रीमती महिमा पाल के युद्ध कार्रवाई करते हुए उनके अविलंब स्थानांतरण की मांग की है।

### जिले के चार स्थानों में लगा शिविर, अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने दिए निर्देश

# समाधान शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण प्राप्त आवेदनों के निराकरण की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

जिले के चार स्थानों में समाधान शिविर आयोजित हुआ। ग्राम पंचायत बोड़सरा में आयोजित समाधान शिविर का कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

सुशासन तिहार अंतर्गत गुरुवार 8 मई को जिले के चार स्थान ग्राम बोड़सरा, साजापाली, नगर पालिका जांजगीर-नैला व नगर पंचायत शिवरीनारायण में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम बोड़सरा में आयोजित शिविर का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने औचक निरीक्षण किया और और विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। बोड़सरा में आयोजित शिविर में पाली, सिवनी, करमंदी, तेन्दुभांठा, मरकाडीह, हाथीटिकरा, कन्हाईबंद, खोखसा बनारी और सरखों के नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने सुशासन तिहार में मांग एवं शिकायत के प्राप्त आवेदनो के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र बोड़सरा में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि केसीसी के शतप्रतिशत ई-केवाईसी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद सीईओ नवागढ़ एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों को तालाब के पट्टे की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने एवं राजस्व प्रकरणों से संबंधित प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी दी गई। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने निराकरण का वाचन किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, जनपद पंचायत नवागढ़ सीईओ अनिल कुमार सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## श्याम मंदिर का चौदहवां वार्षिकोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में मोदी चौक स्थित खाटू वाले श्याम बाबा मंदिर का चौदहवां वार्षिकोत्सव शुक्रवार 9 मई को धूमधाम से उल्लासपूर्वक मनाया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल तथा सचिव अंकित मोदी ने बताया कि इस वर्ष श्याम मंदिर के 14वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर क्षेत्र में प्रथम बार सूरजगढ़ की सुप्रसिद्ध निशान यात्रा भव्यता के साथ निकाली जायेगी। इसके अलावा महिलाओं की विशेष सिगड़ी यात्रा भी आकर्षण का केन्द्र होगी। ऐसी मान्यता है कि सूरजगढ़ का निशान श्याम बाबा को अत्यंत प्रिय है। इसके कारण खाटू वाले श्याम मंदिर में हर वर्ष सूरजगढ़ का निशान ही अर्पित किया जाता है। इसके अलावा जिन महिलाओं की मान्यता पूर्ण हो जाती है वे सिगड़ी यात्रा निकालती है। यह निशान यात्रा शुक्रवार 9 मई को रेलवे स्टेशन के सामने पलटन बाबा हनुमान मंदिर से सायं 5.30 बजे निकलेगी। इसके साथ में महिलाओं की विशेष सिगड़ी यात्रा भी निकाली जायेगी। इस दिन रात्रि 8 बजे से श्याम मंदिर में श्री श्याम संकीर्तन का भी आयोजन रात्रि 8 बजे से किया गया है। इसमें सूरजगढ़ की भजन गायिका जस्सी सैनी एवं चांपा के भजन गायक पंकज अग्रवाल श्याम भजनों की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा इस दिन रात्रि 8 बजे से श्याम मंदिर के पास एनीकट मार्ग स्थित श्याम वाटिका में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। इस एक दिवसीय वार्षिकोत्सव में श्री श्याम प्रभू का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, फूलो की होली, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत तथा भजन संध्या विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे। मंदिर के स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने में समिति के सुनील अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, नारायण मित्तल, दिनेश केडिया, राज अग्रवाल, किशोर मोदी, अंकित मोदी, घनश्याम मोदी तथा विकास मोदी के अलावा अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण जुटे हुए है।

- भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग एवं फूलो की होली होगी विशेष आकर्षण का केन्द्र

## जिला चिकित्सालय में रक्त दान शिविर का आयोजन



रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र देते अस्पताल स्टाफ व अन्य।

**जांजगीर-चांपा।** विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल जांजगीर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जरुरतमंदों को नया जीवन दान देने रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। विश्व रेडक्रास दिवस 8 मई के अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशन में शासकीय बैरिस्टर ठाकुर जिला चिकित्सालय जांजगीर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती डॉ स्वाति वंदना सिंह सिसोदिया, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एस कुजुर, रेडक्रास सोसायटी के आजीवन सदस्य देवेश कुमार सिंह, आर एम ओ डॉ संदीप साहू, स्वास्थ्य विभाग से प्रवीण तिवारी, प्रकाश कश्यप, अंजू साहू ताराचंद चौधरी सहित स्वास्थ विभाग के कर्मचारी कार्यकर्ता एवं रक्त दान दाता उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

**गोधना।** सड़क निर्माण की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए लोक निर्माण विभाग, पामगढ़ अनु विभाग द्वारा ग्राम गोधना में संपर्क मार्ग निर्माण हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह प्रस्ताव 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के पश्चात स्वीकृत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोधना के जगन्नाथ यादव द्वारा आवेदन के माध्यम से गांव को गोधना-कांसा संपर्क मार्ग से जोड़ने की मांग की गई थी। लोक निर्माण विभाग ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए आगामी वर्ष 2026-27 के वार्षिक कार्ययोजना में इसे शामिल करने का आश्वासन दिया है। अधिकारिक पत्र में उल्लेख किया गया है कि स्वीकृति के उपरांत नियमानुसार आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। सड़क निर्माण गांववासियों के लिए सुविधाजनक आवागमन, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण साबित होगा।

## कात्रेनगर से हुआ गौग्राम जनजागरण यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



शुभारंभ अवसर पर गौ माता को चरा खिलाते अतिथि।

राष्ट्रीय गोसंवर्धन समिति छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा आयोजित गौग्राम जनजागरण यात्रा 2025 का शुभारंभ बुधवार 7 मई को चांपा विकासखंड के कात्रेनगर ग्राम से हुआ। गौपूजन, वेद मंत्रोच्चार और नारियल फोड़कर यात्रा को परंपरागत रूप से प्रारंभ किया गया।

- ग्रामवासियों ने अपने जीवन में गो-सेवा को अपनाने ली प्रतिज्ञा

यात्रा का मुख्य उद्देश्य आत्मनिर्भर गौग्राम की अवधारणा को गांव-गांव तक पहुंचाना है। पंचगव्य आधारित जैविक खेती को प्रोत्साहित करना, स्वदेशी जीवनशैली को अपनाना, गो-आधारित उत्पादों का प्रचार और गौसंवर्धन की महत्ता को जनमानस तक पहुंचाना इस यात्रा के प्रमुख बिंदु हैं। 7 से 12 मई तक चलने वाली यह यात्रा कुल 40 ग्रामों से होकर गुजरेगी। यात्रा के पहले दिन कात्रेनगर, अफरीद, सोठी, बम्हनीडीह सहित कुल 8 ग्रामों में यात्रा पहुंची। इन सभी ग्रामों में लोगों ने पारंपरिक ढंग से यात्रा का स्वागत किया, जगह-जगह पुष्प वर्षा, ढोल-नगाड़े और तोरण द्वारों से यात्रा को अभिनंदन प्राप्त हुआ। बम्हनीडीह में आयोजित सायं सभा यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही। यहां गौ आरती के साथ मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्या भारती के प्रांत अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर ने गौमाता की वैज्ञानिक और सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, "गौ माता केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि जैविक कृषि और ग्रामीण आत्मनिर्भरता की आधारशिला हैं। सभा में कुष्ठ आश्रम के सचिव सुधीर देव ने गौग्राम जनजागरण यात्रा के उद्देश्य, स्वरूप और कार्ययोजना को विस्तार से बताया। उन्होंने पंचगव्य आधारित जीवनशैली और गो-आधारित ग्रामीण उद्योगों की महत्ता को रेखांकित किया। लोमस भाई ने पूरे दिन यात्रा का मार्गदर्शन करते हुए जनमानस को प्रेरित किया। यात्रा संयोजक रामप्रकाश केशरवानी ने सभी ग्रामों में समन्वय और संचालन की भूमिका निभाई। अजय सराफ ने प्रथम दिवस की यात्रा में जनसंपर्क कर आर्थिक सहयोग सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम तिवारी ने किया। गगन जयपुरिया, सोनू जायसवाल और अन्य कार्यकर्ता पूरे समर्पण से यात्रा को सफल बनाने में लगे रहे। यात्रा के दौरान जगह-जगह "गौ माता का हो सम्मान, तभी बनेगा देश महान", "गौ सेवा ही राष्ट्र सेवा है", और "पंचगव्य अपनाओ, खेत-खलिहान बचाओ"नारे गूंजते रहे। इन नारों ने ग्रामीणों में चेतना जगाई और विशेषकर युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। महिलाओं ने भी यात्रा में विशेष उत्साह दिखाया। ग्रामवासियों ने न केवल भव्य स्वागत किया, बल्कि अपने जीवन में गो-सेवा को अपनाने की प्रतिज्ञा भी ली। बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकलाएं, पारंपरिक लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिपूर्ण बना दिया। यात्रा का प्रथम दिन अभूतपूर्व जनसमर्थन और आयोजन की उत्कृष्टता के साथ सम्पन्न हुआ।

## नशामुक्ति के लिए रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा




रैली निकालकर लोगों को जागरुक करते जनप्रतिनिधि।

ग्राम पंचायत कलमी में 8 मई को नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव के सभी मोहल्ले में रैली निकाली गई। रैली में सरपंच दूज राम साहू, बीडीसी कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह, उप सरपंच श्रीमती भगवती तुलेश्वर साहू, सचिन रमेश कुमार साहू समस्त पंच महिला स्व सहायता समूह के सदस्य तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

रैली के माध्यम से गांव के लोगों को समझाइश दी गई कि शराब और गांजा पीने से घर परिवार उजड़ जाता है तथा इससे आर्थिक नुकसान होता है वही गांजा पीने से सोचने समझने की शक्ति खत्म हो जाती है। ऐसे में अपने बच्चों बड़े को इस बुरी लत से दूर रखने के लिए हर मोहल्ले में पहुंचकर समझाइए दिया गया। साथ ही चेतावनी भी दिया गया कि ग्राम में कोई भी शराब बिक्री पकड़ा जाता है तो उसपर 50000 जुर्माना लगाया जाएगा एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्णय की बात भी रैली के माध्यम से लोगों को बताया गया वहीं पंचायत द्वारा इस प्रकार से जागरूकता रैली निकल जाने से आसपास के सरपंचों को पता चलने पर उन्होंने भी अपने ग्राम में अवैध रूप से शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए कदम उठाए जाने की बात कही। इस संबंध में छोटे सीपत की जनपद सदस्य मनोज सक्सेना तथा सकर्रा की जनपद सदस्य खिक बाई मनहरण कमलेश का कहना था पुलिस एवं आबकारी विभाग को लगातार गांव-गांव में पंचायत का सहयोग लेकर अवैध शराब तथा गांजे के खिलाफ जन जागरूकता रैली निकालना चाहिए जिसे के इस अवैध बुराई से ग्रामीणों को बचाया जा सके।

## बैठक में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा, लिए गए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम



बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते पदाधिकारी।

प्रांतीय कमेटी गवेल समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष के आह्वाहन पर खंड स्तरीय बैठक खंड फगुरम द्वारा कबीर स्थान ग्राम तौलीपाली में आयोजित किया गया, जिसमें खंड के सभी सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही एवं अनेक सामाजिक मुद्दों पर सारगर्भित चर्चा की गई, तथा समाज हित में कई निर्णय लिए गए हैं।

बैठक में सामाजिक समरसता एवं एकरूपता प्रदान किया जा सके इस विषय पर जोर दिया गया। अपने उद्बोधन में प्रांतीय अध्यक्ष लालू गवेल के द्वारा समाज के लिए सदैव तत्पर रहना एवं सामाजिक गतिविधि को सुचारू रूप से क्रियान्वित करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए, एवं समाज को नई गति प्रदान करने के लिए आवश्यक रूपरेखा तैयार करने जैसी बातें कही गई। वही खंड अध्यक्ष फगूरम योगेश गवेल द्वारा समाज के विभिन्न समस्याओं के बारे में प्रांतीय अध्यक्ष को अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों सामाजिक समस्याओं के बारे में बारी-बारी से प्रांतीय अध्यक्ष को अवगत कराया एवं उन समस्याओं के बारे में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित भी किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदीप गवेल प्रांतीय सह महामंत्री गवेल समाज एवं अधिवक्ता के द्वारा किया गया। बैठक में जय सिंह गवेल संरक्षक, हरिवंश गवेल (वरिष्ठ सदस्य, गुलशन योगेंद्र वर्मा प्रांतीय सदस्य, मुकेश गवेल खंड अध्यक्ष औरदा, पूनम कुशलाल वर्मा, रोशन गवेल, जय गवेल, छबि गवेल, कामेश्वर गवेल, कुश गवेल, रामेश्वर गवेल, भानु प्रताप गवेल, नरेंद्र वर्मा , जय गबेल उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों का पालन सबके लिए जरूरी : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्यशाला के दौरान मंचस्थ विधायक एव अन्य अतिथि।

शासकीय टीसीएल कालेज जांजगीर में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति कार्यशाला एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न कालेज की प्रतिभागी शामिल हुए।

- टीसीएल कालेज में यातायात सुरक्षा और नशामुक्ति पर कार्यशाला एवं प्रतियोगिता आयोजित

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि नशा की प्रवृत्ति समाज और राष्ट्र के लिए घातक है। साथ ही सुरक्षित यातायात के लिए हम सबको सड़क नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई लोगों का फोन उनके पास आता है कि सड़क पर गाड़ी रोक दी गई है। नियमों का पालन हम सब करें तभी दुर्घटना रुकेगी। शहीद नंद कुमार पटेल विवि के रासेयो समन्वयक डॉ. सुशील एक्का ने कहा कि रासेयो देश में युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है अगर हम सभी यातायात जागरूकता का संदेश दें और नशा उन्मूलन पर कार्य करें तो बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा ही यह बदलाव ला सकते हैं। स्रोत वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि एएसपी यातायात उदयन बेहार ने कहा कि कोरोना में जितनी मौतें देश में नहीं हुई उससे अधिक मौत सड़क दुर्घटना में होती है। इसलिए हमें यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। रासेयो के जिला समन्वयक एवं शासकीय कालेज नवागढ़ के प्राचार्य प्रो बीके पटेल ने कहा कि नशे में वाहन चलाना दुर्घटना को आमंत्रण देना है। नशा समाज के लिए घातक है। टीसीएल कालेज के प्राचार्य डा डीआर लहरे ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि जिले के विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों ने भाषण निबंध रंगोली और नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर नशा मुक्ति और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया है। इसे जीवन में उतारें और दुर्घटना से बचें। कार्यक्रम का संचालन डॉ ईश्वरी सूर्यवंशी और डॉ. कोमल शुक्ला ने तथा आभार प्रदर्शन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो राजेश चंद्रा ने किया। द्वितीय सत्र की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रेखा देवा गढ़ेवाल थी। अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डा डी आर लहरे थे। कार्यक्रम को पार्षद दिनेश राठौर और देवा गढ़ेवाल ने भी संबोधित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई , 04 जून , 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411